'युवा संगम कार्यक्रम' के तहत ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट के विद्यार्थी पहुंचे आई.आई.टी. बॉम्बे

जालंधर, 17 मई (विनीत): ए. पी. जे. इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमैंट एंड इंजीनियरिंग टैक्नीकल कैंपस के 4 विद्यार्थियों ने ए.आई.सी.टी.ई. और भारत सरकार के 'युवा संगम' कार्यक्रम के अंतर्गत आई.आई.टी. बाम्बे का दौरा किया।

ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों के साथ डा. राजेश बगगा।

इंस्टीच्यूट के डायरैक्टर डा. राजेश बग्गा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत पंजाब भर से 45 विद्यार्थियों सहित ए.पी.जे. इंस्टीच्यूट के एम.बी.ए. के छात्र हर्ष दूबे, बी.टैक की आकांक्षा त्यागी, कमलप्रीत कौर व तनवी ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई।

उन्होंने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के विभिन्न राज्यों के छात्रों के बीच राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है, जिसके तहत सभी विद्यार्थियों ने मुंबई के प्रसिद्ध एशियाई पुस्तकालय व किला क्षेत्र के साथ-साथ सेंट थॉम्स कैथेड्रल चर्च, फ्लोरा फाऊंटेन, क्लॉक टॉवर, वाटसन होटल, बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज, कन्हेरी गुफाओं, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल व हार्निमैन सर्कल गार्डन का भी दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा व विधान परिषद का भी विजिट किया तथा राज भवन का दौरा करके माननीय राज्यपाल रमेश बैंस से भी भेंट की।

डा. राजेश बगगा ने उक्त कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उक्त पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार जताया।

Punjab Kesari 18May2023

11:39 am ✓